अरिट्टापट्टी जैवविविधिता विरासत स्थल

हाल ही में **तमिलनाडु सरकार ने मदुरै ज़िले के मेलूर ब्लॉक में अरिट्टापट्टी को जैवविविधिता विरासत स्थल (Biodiversity Heritage Site-BHS)** घोषित करते हुए एक अधिसूचना जारी की है।

- **यह तमिलनाडु का पहला और भारत का 35वाँ जैवविविधिता विरासत स्थल है।**

अरिट्टापट्टी:

- अरिट्टापट्टी गाँव **पारिस्थितिकि और ऐतिहासिक महत्त्व की दृष्टि से समृद्ध है,** इसमें **पक्षियों की लगभग 250 प्रजातियाँ हैं** जिनमें तीन महत्त्वपूर्ण रैप्टर शामिल हैं; शिकारी पक्षी अर्थात्:
  - लैगर फाल्कन
  - शाहीन बाज़
  - बोनेली ईगल
- यह भारतीय **पैंगोलिन, स्लेंडर लोरिस और अजगर जैसे वन्यजीवों का भी आवास स्थल है।**
- जैव विविधिता से समृद्ध यह क्षेत्र **सात पहाड़ियों या द्वीपीय पर्वतों (इन्सेलबर्ग) की एक शृंखला से घिरा हुआ है** जो वाटरशेड के रूप में **72 झीलों, 200 प्राकृतिक झरनों और तीन चेक डैम के जल-पुनर्भरण का कार्य करता है।**
  - 16वीं शताब्दी में पांड्य राजाओं के शासनकाल के दौरान निर्मित **अनाइकोंडन झील** उनमें से एक है।
- कई **महापाषाण संरचनाएँ, शैलकृत मंदिर, तमिल ब्राह्मी शिलालेख और जैन धर्म से संबंधित संरचनाएँ** इस क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्त्व को दर्शाते हैं।

जैव विविधिता विरासत स्थल:

- **परिचय:**
  - जैव विविधिता विरासत स्थल ऐसे पारिस्थितिकि तंत्र होते हैं जिसमें अनूठे, सुभेद्य पारिस्थितिकि तंत्र स्थलीय, तटीय एवं अंतर्देशीय जल तथा समृद्ध जैवविविधिता वाले वन्य प्रजातियों के **साथ-साथ घरेलू प्रजातियों, दुर्लभ एवं संकटग्रस्त, कीस्टोन प्रजाति पाए जाते हैं।**
- **कानूनी प्रावधान:**
  - जैवविविधिता अधिनियम, 2002 **की धारा 37(1) के प्रावधान के अनुसार,** राज्य सरकार स्थानीय निकायों के परामर्श से समय-समय पर **इस अधिनियम के अंतर्गत** जैवविविधिता के महत्त्व के **क्षेत्रों को सरकारी राजपत्र में अधिसूचित कर सकती है।**
- **प्रतिबंध:**
  - BHS का **निर्माण स्थानीय समुदायों द्वारा स्वेच्छा से तय किये गए प्रथाओं के अलावा** उनके द्वारा प्रचलित प्रथाओं और उपयोग में लाई जाने वाली प्रथाओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाता। इसका उद्देश्य संरक्षण उपायों के माध्यम से **स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करना** है।
- **भारत का पहला BHS:**
  - भारत का पहला जैवविविधिता विरासत स्थल 2007 में नल्लूर इमली ग्रोव बेंगलुरु, कर्नाटक में घोषित किया गया।
- **BHS के अंतिम पाँच परिवर्द्धन:**
  - त्रिपुरा में देबारी या छबिमुरा (सितंबर 2022)
  - त्रिपुरा में बेटलिंगशिब और इसके आसपास (सितंबर 2022)
  - असम में हेजोंग कछुआ झील (अगस्त 2022)
  - असम में बोरजुली वाइल्ड राइस साइट (अगस्त 2022)
  - मध्य प्रदेश में अमरकंटक (जुलाई 2022)

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/arittapatti-biodiversity-heritage-site